भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्यसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2316**

**08.08.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**एंड्रयू यूल समूह के चाय बागानों में समुचित स्वास्थ्य केंद्रों का अभाव**

2316 **श्री रीताब्रता बनर्जी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एंड्रयू यूल समूह के करबला, न्यू डूअर्स, बानरहाट और चुनाभुटी चाय बागानों में बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं सहित कोई समुचित स्वास्थ्य केंद्र नहीं हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) और (ख):** करबला, न्यू डूअर्स, बानरहाट और चुनाभुटी चाय बागानों में एंड्रयू यूल कंपनी लिमिटेड (एवाईसीएल) द्वारा प्रबंधित समुचित स्वास्थ्य केंद्र हैं, जो बागान श्रमिकों और उनके परिवारों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए सुव्यवस्थित हैं। इसके अलावा, ये स्वास्थ्य केंद्र मरीजों को उप-मंडल या जिला अस्पतालों में रेफर करने के लिए एम्बुलेंस सुविधा से सुसज्जित हैं और राज्य सरकार की 'सु-स्वास्थ्य केंद्र' पहल, विशेष रूप से मातृत्व देखभाल, प्रसवपूर्व/प्रसवोत्तर सेवाओं और टीकाकरण अभियानों के साथ भी एकीकृत हैं।

*****